

कुलपति प्रो. सुदेश को मेहंदी लगाते छात्रा।

# तीज पर्व पर शानदार हरियाणवी व्यंजनों की बहार, झूले झूलने की मस्ती तथा गीत संगीत नृत्य का रहा समागम

गोहाना, 7 अगस्त (रामनिवास धीमान): हरियाली तीज का लोक पर्व आज खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के केंद्रीय उद्यान में हर्ष व उल्लास के साथ उत्साह पूर्वक मनाया गया। महिला विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग के तत्वावधान में तीज पर्व पर शानदार हरियाणवी व्यंजनों की बहार, झूले झूलने की मस्ती तथा गीत संगीत नृत्य का समागम रहा। जिसमें महिला विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. सुदेश ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर कहा कि भारत उत्सवों-त्यौहारों का देश है। तीज महोत्सव कार्यक्रम श्रृंखला में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड-1 स्थित संस्कारम सभागार में मेहंदी तथा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता की निर्णायक डॉ. प्रिया धींगड़ा ने बताया कि मेहंदी प्रतियोगिता में प्रीती प्रथम, आशिका दूसरा तथा अंजलि ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। रितु को सांत्वना पुरस्कार मिला। वहीं, नृत्य प्रतियोगिता में फ्लोरेंस प्रथम, हर्षिता दूसरा तथा तान्शी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मुस्कान को सांत्वना पुरस्कार मिला। कुलपति प्रो सुदेश ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

अजीत समाचार
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
08-Aug-2024
Page: 13
http://www.ajitsamachar.com/20240808/27/13/1_1.cms

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Sonipat 07-08-2024 - 07 Aug 2024 - Page 4

# सद्भाव व भाईचारे का संदेश देते हैं पर्व: प्रो. सुदेश




गोहाना। तीज महोत्सव में पींग झूलते हुए महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश। फोटो : हरिभूमि

**गोहाना।** हरियाली तीज का लोक पर्व मंगलवार को भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां में हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया। महिला विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग के तत्वावधान में तीज पर्व पर शानदार हरियाणवी व्यंजनों की बहार, झूला झूलने की मस्ती तथा गीत संगीत नृत्य का समागम रहा। महिला विश्वविद्यालय के केंद्रीय उद्यान में आयोजित तीज महोत्सव में कुलपति प्रो. सुदेश ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कुलपति ने कहा कि भारत त्योहारों का देश है। यह सभी त्योहार समाज को सामाजिक सद्भाव, अमन-शांति और भाईचारे का संदेश देते हैं। इससे पहले कुलपति प्रो. सुदेश ने कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा आयोजित तीज कार्यक्रम में विद्यार्थियों से गीत-संगीत-साहित्य-संस्कृति की गतिविधियों में भाग लेने का आग्रह किया ताकि उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास हो सके। इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संकाय के डीन प्रो. विजय नेहरा ने आभार व्यक्त किया।

## मेहंदी प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

तीज महोत्सव कार्यक्रम श्रृंखला में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड-1 स्थित संस्कारम सभागार में मेहंदी तथा नृत्य प्रतियोगिता करवाई गई। निर्णायक डॉ. प्रिया धींगड़ा ने बताया कि मेहंदी प्रतियोगिता में प्रीती ने प्रथम, आशिका ने दूसरा तथा अंजलि ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। रितु को सांत्वना पुरस्कार मिला। नृत्य प्रतियोगिता में फ्लोरेंस ने प्रथम, हर्षिता ने दूसरा तथा तान्शी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मुस्कान को सांत्वना पुरस्कार मिला।







Hindi News

# पुरातन संस्कृति को त्योहारों को माध्यम से संरक्षित किए जाने की जरूरतः कुलपति प्रो सुदेश

तीज पर बीपीएसएमवी में छाई हरियाणवी व्यंजनों की बहार।

Girish Saini Aug 6, 2024 05:16






खानपुर कलां, गिरीश सैनी। हरियाली तीज का लोक पर्व भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में हर्ष व उल्लास के साथ उत्साह पूर्वक मनाया गया। महिला विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग के तत्वावधान में तीज पर्व पर शानदार हरियाणवी व्यंजनों की बहार, झूले झूलने की मस्ती तथा गीत संगीत नृत्य का समागम रहा।

महिला विवि के केंद्रीय उद्यान में आयोजित तीज महोत्सव में कुलपति प्रो सुदेश ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कुलपति प्रो सुदेश ने कहा कि भारत उत्सवों-त्योहारों का देश है। यह सभी पर्व-त्योहार सामाजिक सद्भाव, अमन-शांति-भाईचारा का संदेश समाज व देश को देते हैं। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में हमारी पुरातन संस्कृति धूमिल होती जा रही है, जिसे संरक्षित किए जाने की जरूरत है।

इससे पहले कुलपति प्रो सुदेश ने कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एंड इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा आयोजित तीज कार्यक्रम में विद्यार्थियों से गीत-संगीत-साहित्य-संस्कृति की गतिविधियों में भाग लेने का आग्रह किया ताकि उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने कहा कि हरियाली तीज का उत्तर भारत में विशेष महत्व है। कुलपति ने आयोजक टीम को इस कार्यक्रम के लिए हार्दिक बधाई दी। सीएसई एंड आईटी विभागाध्यक्षा सोनल बेनीवाल ने स्वागत भाषण दिया। इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संकाय के डीन प्रो विक्रम नेहरा ने आभार व्यक्त किया।

तीज महोत्सव कार्यक्रम श्रृंखला में विवि के शैक्षणिक खंड-1 स्थित संस्कारम सभागार में मेहंदी तथा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता की निर्णायक डॉ प्रिया धींगड़ा ने बताया कि मेहंदी प्रतियोगिता में प्रीती ने प्रथम, आशिका ने दूसरा तथा अंजलि ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। रितु को सांत्वना पुरस्कार मिला। वहीं, नृत्य प्रतियोगिता में फ्लोरेंस ने प्रथम, हर्षिता ने दूसरा तथा तान्वी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मुस्कान को सांत्वना पुरस्कार मिला। कुलपति प्रो सुदेश ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

तीज महोत्सव में उपस्थित जन ने हरियाणवी पारंपरिक गीत गाते हुए झूलों पर पींगे डालीं। छात्राओं-महिलाओं ने हाथों पर मेहंदी लगवाई। कार्यक्रम में गुलगुले-सुहाली वितरित की गईं। इस कार्यक्रम में कार्यवाहक कुलसचिव प्रो बेला सिंह, चीफ वार्डन डॉ सुमन दलाल, विभिन्न संकायों के डीन व विभागाध्यक्ष सहित शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारी एवं छात्राएं शामिल हुईं। महिला विवि के शिक्षा विभाग तथा कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भी तीज महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

Tags: preserve ancient culture | festivals | VC Prof Sudesh

« PREVIOUS ARTICLE
Lyallpur Khalsa College Culminates Ek Ped Maa Ke Naam Campaign

NEXT ARTICLE »
मनुष्य की कल्पना शक्ति को नई उड़ान देती है पुस्तकें: कुलपति प्रो. राजबीर सिंह

RELATED POSTS


डॉ. दीप्ति हुड्डा एमडीयू डे केयर सेंटर की इंचार्ज मनोनीत।


पीजी कोर्सेज़ में नव प्रवेश प्राप्त विद्यार्थियों के लिए...


सआईएचएम में नव प्रवेश प्राप्त विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन...

COMMENTS

Name
Email
Comment
I'm not a robot
Post Comment




POPULAR POSTS

Weekly Posts

Govt's policies have potential to strengthen rupee: Piyush...

Kamala Harris turns down Trump's election debate proposal

चुनौतियों से भागें नहीं विद्यार्थी: कुलपति प्रो. नरसी राम...

Coal Minister hands over 10 coal mines to successful bidders

Seven killed in bus-car collision in UP

FOLLOW US

Facebook | X (Twitter) | Linkedin | Youtube | Email

RECOMMENDED POSTS


Opinion
IANS Interview: B'desh will turn into another Pak if BNP-Jamaat...

Suffering from high BP? Eating fruits and vegetables may...

IANS Interview: Astonished by Rahul Gandhi's low-level...

IANS Interview: Harbhajan Singh talks Budget, cricket,...

IANS Interview: No religion is as liberal as Sanatan Dharma,...

FairPoint: Indian forces set to clean Jammu areas, nip...

CONTACT US

For Advertisement, News, Article, Advertorial, Feature etc please contact us: cityairnews@gmail.com



© 2020 Cityairnews - All Rights Reserved. Designed & Developed By: TechieFormation

Terms & Conditions | Privacy Policy

# डिजिटल युग में धूमिल होती जा रही है हमारी पुरातन संस्कृति : प्रो. सुदेश



गोहाना मुद्रिका, 6 अगस्त : हरियाली तीज का लोक पर्व मंगलवार को बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। महिला विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग के तत्वावधान में तीज पर्व पर शानदार हरियाणवी व्यंजनों की बहार, झूले झूलने की मस्ती तथा गीत-संगीत-नृत्य का समागम रहा।

महिला विश्वविद्यालय के केंद्रीय उद्यान में आयोजित तीज महोत्सव में वी.सी. प्रो सुदेश ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। प्रो सुदेश ने कहा कि भारत उत्सवों-त्योहारों का देश है। यह सभी पर्व-त्योहार सामाजिक सद्भाव, अमन-शांति-भाईचारा का संदेश समाज व देश को देते हैं। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में हमारी पुरातन संस्कृति धूमिल होती जा रही है, जिसे संरक्षित किए जाने की जरूरत है।

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड-1 स्थित संस्कारम सभागार में मेहंदी तथा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की निर्णायक डॉ प्रिया धींगड़ा ने बताया कि मेहंदी प्रतियोगिता में प्रीति ने प्रथम, आशिका ने दूसरा तथा अंजलि ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। रितु को सांत्वना पुरस्कार मिला। वहीं, नृत्य प्रतियोगिता में फ्लोरेंस ने प्रथम, हर्षिता ने दूसरा तथा तान्शी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मुस्कान को सांत्वना पुरस्कार मिला।

# बीपीएस महिला विवि में धूमधाम से मनाया तीज महोत्सव



गोहाना। हरियाली तीज के उपलक्ष्य में मंगलवार को खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश रहीं। तीज पर्व पर झूला झूलने की मस्ती, गीत-संगीत व नृत्य का समागम रहा। विभिन्न स्पर्धाओं में विजेता रही छात्राओं को कुलपति ने पुरस्कृत किया। इस दौरान कार्यवाहक कुलसचिव प्रो. श्वेता सिंह, चीफ वार्डन डॉ. सुमन दलाल, विभिन्न संकायों के डीन व विभागाध्यक्षों सहित शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारी व छात्राएं शामिल हुईं। संवाद

# आज के युग में धूमिल होती जा रही हमारी पुरातन संस्कृति, संरक्षित करने की जरूरत

## बीपीएस : छात्राओं ने तीज पर्व पर दी हरियाणवी संस्कृति की प्रस्तुति

गोहाना | बीपीएस महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि भारत उत्सवों व त्योहारों का देश है। यह सभी त्योहार सामाजिक सद्भाव, अमन-शांति-भाईचारा का संदेश समाज व देश को देते हैं। इसके विपरीत आज के डिजिटल युग में हमारी पुरातन संस्कृति धूमिल होती जा रही है, जिसे संरक्षित किए जाने की जरूरत है। वे मंगलवार को बीपीएस महिला विवि में तीज पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रही थी। छात्र कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित तीज पर्व में छात्राओं ने हरियाणवी व्यंजनों, गीत-संगीत व नृत्य



गोहाना. तीज महोत्सव में पींग झूलते हुए कुलपति प्रो. सुदेश।

कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी, वहीं कुलपति प्रो. सुदेश ने पींग भी झूली। प्रो. सुदेश ने कहा कि हरियाली तीज का उत्तर भारत में विशेष महत्व है। ऐसे में छात्राएं गीत-संगीत, साहित्य-संस्कृति की गतिविधियों में भाग लें, ताकि उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास हो सके। इस दौरान मेहंदी व नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रीती प्रथम, आशिका द्वितीय व अंजलि तृतीय रही। रितु को सांत्वना पुरस्कार मिला।

# तीज महोत्सव पर छात्रों ने पारंपरिक गीत भी गाए

जासं, गोहाना : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय और क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में हरियाली तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. सुदेश ने छात्राओं और प्राध्यापकों के साथ पींग पर झूलने का आनंद लिया। यहां पर पारंपरिक गीत भी गाए गए।



प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं को सम्मानित करते प्राचार्या सुमिता सिंह।

# प्रतियोगिता में अंजली व कनिका प्रथम, द्वितीय विनिता तथा तृतीय आरुषि चौधरी रही

गोहाना, 6 अगस्त (रामनिवास धीमान): भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां के कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अंतर-सदन बेस्ट आउट आफ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या सुमिता सिंह व संचालन शिक्षिका सुनीता शर्मा एवं संतरा देवी ने किया। महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की रचनात्मकता को आगे लाने में सहायक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जागरूक करते हैं। इस प्रतियोगिता में गंगा सदन की अंजली व कनिका ने प्रथम, नर्मदा सदन की विनिता ने दूसरा तथा कावेरी सदन की आरुषि चौधरी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। छात्राओं ने अनुपयोगी सामान का इस्तेमाल कर सजावटी वस्तुएं बनाई। प्राचार्या सुमिता सिंह ने विजेता छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने छात्राओं को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

अजीत समाचार
07-Aug-2024
Page: 11
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
http://www.ajitsamachar.com/20240807/27/11/1_1.cms